Title: Regarding terrorism and violence across the India-Nepal border, and Gorakhpur, Uttar Pradesh.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान भारत-नेपाल सीमा और खासकर पूर्वोत्तर उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जनपद तथा उसके आसपास क्षेत्रों की ओर दिलाना चाहता हूं जहां राट्र विरोधी गतिविधियां जारी हैं। आज भारत-नेपाल सीमा इस देश के लिये सबसे ज्यादा सं वेदनशील होने जा रही है क्योंकि वहां पर राट्र विरोधी गतिविधियां और घुसपैठ जारी हैं। इन सब को देखते हुये अभी हाल ही में नेपाल मे भारत के खिलाफ आन्दोलन हुये और कुछ विदेशी शक्तियों द्वारा जिस प्रकार से वहां के नौजवानों को भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त किया जा रहा है, उस ओर निश्चित ही सरकार को समय से पहले ध्यान देने की आवश्यकता है।

अध्यक्ष महोदय, अभी कुछ समय पूर्व गोरखपुर में जीतन यादव नाम के आदमी की हत्या की गई थी। मैं उस गांव में गया, जिस परिवार में यह हत्या हुई थी। मुझे मालूम हुआ कि उस व्यक्ति की हत्या धर्मातंरण न किये जाने पर की गई थी। मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करना चाहूंगा कि इस देश में विदेशी ताकतों द्वारा बलपूर्वक धर्मान्तरण जारी है और लालच, लोभ तथा दबाव में इस प्रकार किया जा रहा है। सरकार इस प्रकार की राट्र विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने की व्य वस्था करे।